प्रेस–विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा– 2015

जनपद का नाम– लखनऊ | परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या– 587 / सात–भूलेख | दिनांक– 16 जून, 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि – **22 जुलाई 2015** परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि – **21 जुलाई 2015**

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यार्थियों द्वारा आनलाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछडी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे– 2000)	71	50	21	0	0	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टरमीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1– प्रदेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2– राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

i– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

ii– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिको, उ0प्र0 समाज के विकलांगो तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– ऑन–लाइन फार्म दिनांक **22.06.2015** से **22.07.2015** तक जमा किये जा सकेंगे। सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/– (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/– (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।
4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियो को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।
5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारो को ई– प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेबसाइट **http://bor.up.nic.in** और जिले की वेबसाइट **http://lucknow.nic.in** पर उपलब्ध होगा।
6– ऑन–लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक **22.06.2015** से परिषद की बेबसाइट **http://bor.up.nic.in** पर और जिले की वेबसाइट **http://lucknow.nic.in** पर उपलब्ध हो जायेगा।

(राजशेखर)
अध्यक्ष चयन समिति/
जिलाधिकारी, लखनऊ

प्रेषक,

जिलाधिकारी
लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग
उ0प्र0 लखनऊ।

संख्या– 587/सात–भूलेख/लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 दिनांक– 16 जून 2015

विषय : लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 हेतु प्रेस–विज्ञप्ति का प्रकाशन।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ के पत्र संख्या–1759/4–34ए/2013 दिनांक 04 जून 2015 के क्रम में जनपद लखनऊ के रिक्त लेखपाल पदों हेतु लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 आयोजित की जा रही है। लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 हेतु प्रेस–विज्ञप्ति का प्रारूप (तीन प्रतियों में) मय सी0डी0 पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध से प्रेषित है, कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन न्यूनतम दो प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्रों में कराने का कष्ट करें।

(राजशेखर)
जिलाधिकारी, लखनऊ

संख्या एवं तद् दिनांक उपरोक्त
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ।
2– आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ को पत्र संख्या –1759/4–34ए/2013 दिनांक 04 जून 2015 के क्रम में।

(राजशेखर)
जिलाधिकारी, लखनऊ